सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री जयसिंह जाति गुर्जर निवासी ग्राम गिरधरपुरा पोस्ट कैलाई तहसील सिकराय जिला दौसा राजस्थान

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, दौसा जिला दौसा

अपील सं0 45/2018

<u>निर्णय</u> दिनांक 10.09.2018

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, दौसा जिला दौसा को सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। अपीलांट को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, दौसा को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, दौसा का पत्रांक पीए/एफ–1/2018/4595 दिनांक 07.09.18 द्वारा इस कार्यालय को आवेदक द्वारा वॉछित सूचना से संबधित अभिलेख उनके कार्यालय में प्राप्त नहीं होना अंकित कर अवगत कराया गया है, जिसकी प्रति आवेदक को भी पृष्ठांकित की गई है। साथ ही उक्त रिकॉर्ड तलाश करवाया जाना अपने पत्र में अंकित किया है तथा रिकॉर्ड उपलब्ध होते ही प्रार्थी को चाही गई सूचना अविलम्ब उपलब्ध कराने बाबत भी लिखा गया है। चूँकि अभिलेख वर्ष 1992 से 1994 का होने से तलाश करने में समय लग सकता है। कितु सूचना का अधिकार अधिनियम– 2005 के तहत प्राप्त आवेदन पत्र की सूचना संबंधित व्यक्ति को 30 दिवस की समयावधि में उपलब्ध कराने का प्रावधान है। ऐसी स्थिति में आवेदक को यथाशीघ्र सूचना उपलब्ध करवाया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः अपील अपीलांट स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, दौसा को निर्देश दिये जाते है कि अपीलांट को वॉछित अभिलेख तलाश करवाया जाकर आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावें। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(नरेश कुमार शर्मा)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर, दौसा